Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-05-2022 | अंक 213

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## आंधी तूफान से घर पर गिरा बिजली पोल सहित 11000 वोल्ट का तार, बाल बाल बचे लोग



घर पर गिरा पोल सहित11 हज़ार वोल्ट का बिजली तार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक गौरियकर्मा में बड़ी घटना होते–होते टल गई । रविवार को अचानक आई आंधी एवं तूफान में गौरिया कर्मा में अचानक 11000 व०ल्ट का बि. जलीं की तार बिजलीं पोल सहित गौरिया करमा निवासी लखन कुमार ठाकुर के घर पर अचानक गिर गया । लखन कुमार ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पहले ट्रैक्टर ने प०ल को धक्का मार दिया था । जिसके कारण वह टेढ़ा हो गया था। जिसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई । लेकिन उनके द्वारा बिजली पोल को ठीक नहीं कराया गया। जिसके वजह से रविवार को आई आंधी तूफान में पोल सहित 11000 वोल्ट का तार घर पर गिर गया । गनीमत रही कि उस समय बिजली प्रवाहित नहीं हो रही थी। जिसके कारण एक बड़ी घटना टल गई। लखन कुमार ठाकुर ने बताया बिजली विभाग की लाप. रवाही के कारण हमारा परिवार बिजलीं की दुर्घटना की आशंका से दहशत में है। बार–बार सूचना देने के बाद भी अब तक बिजली पोल को ठीक नहीं कराया है। उन्होंने अविलंब पोल एवं बिजलीं की तार को ठीक कराने की मांग की है।

# बसरिया (पंचमाधव) में कुआँ से एक महिला का शव बरामद, हत्या के पहले ज्यादती की आशंका

## हाथ पैर रस्सी से था बंधा, एक आंख भी फोड़ा हुआ था डॉग स्कॉयड की टीम की जांच, शव का हुआ पोस्टमार्टम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




घटना स्थल पर मौजूद लोग

प्रखण्ड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के बसरिया स्थित के एक कुँवा से 40 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि पहले उसके साथ ज्यादती की गई। उसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए हत्यारो ने पहले उसकी हत्या की उसके बाद कुवां में डाल दिया। इस घटना के पीछे 2 से अधिक लोग संलिप्त हो सकते हैं। जब शव को कुवां से निकाला गया तो उस समय महिला का हाथ, पैर एवं कमर रस्सी से बंधा हुआ था। महिला के एक आंख से खून बह रहा है। ऐसा लग रहा है कि महिला का एक आंख को फोड़ दिया गया है। महिला की पहना हुआ जेवरात भी गायब था। महिला की पहचान 40 वर्षीय कलावती देवी पति प्रसादी यादव पं. चमाधव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि महिला रविवार पूर्वाहन 11 बजे अपने घर से लगभग 1 किमी दूर खेत से अरहर का गांठ लाने गई थी। तब से गायब थी। परिजन काफी खोज बिन किए, लेकिन पता नही चला। सोमवार सुबह फिर खोजबीन शुरू हुई तो बसरिया में एक कुँवा से सुबह साढ़े पांच बजे महिला का शव मिला। महिला के पति वाहन चलाते हैं। घर मे नही है। उनके दो बच्चे हैं। उन्ही के साथ महिला रहती थी। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच की। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाही लेकिन मौके पर मौजूद लोग यह कहकर शव कोउठने नही दिया गया कि पहले खोजी कुत्ता को बुलवाकर हत्यारो की शिनाख्त हो, उस पर कार्रवाई हो। वहीं मौके पर मौजूद समाजसेवी रामचंद्र यादव ने कहा की यह एक निंदनीय घटना है मैं इसका कड़ी निन्दा करता हूं साथ ही साथ उन्होंने बरही प्रशासन से अपील किया की जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर मृतक परिवार को न्याय दिलाने की कृपा करे। ग्रामीणो की मांग पर डॉग स्कायड की टीम को बुलाया गया। खोजी कुत्ता भी काफी प्रयास किया लेकिन कुछ पता नही चला। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज सिंह आश्वस्त किया कि दोषी बख्से नही जाएंगे। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे विधायक उमाशंकर अकेला ने दोषियों की गिरफ्तारी को एसपी से बात की। सूचना पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी रामचन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव , हरेंद्र गोप, अब्दुल मनान वारसी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की । कुछ ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिनों से कुछ अजनबी लड़के भी पं. चमाधव के आस पास देखे जा रहे हैं। घटना स्थल पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।




मत-पत्र (बैलेट -पेपर) का नमूना

| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव - चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | अब्दुल अंसारी उर्फ संजय | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |

निवेदक - समस्त मतदातागण...।




आपका साथ और हमारा प्रयास
मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास
बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति पद
के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित,
युवा उम्मीदवार
कपिल प्रसाद केशरी
का चुनाव चिन्ह
बेबी वॉकर
छाप
क्रम सं.
2
मत - पत्र का नमूना
क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह
1.
2. कपिल प्रसाद केशरी
3.
4.
पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं
निवेदक - बरही पश्चिमी मतदातागण


आपका साथ और हमारा प्रयास
मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास
बरही पश्चिमी भाग 4 से
जिला परिषद पद
के लिए कर्मठ,जुझारू,शिक्षित, युवा, समाजसेवी
महिला उम्मीदवार
श्रीमती कुंती देवी
का चुनाव चिन्ह
टेम्पो
छाप
क्रम सं.
2
मत - पत्र का नमूना
क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह
1.
2. श्रीमती कुंती देवी
3.
4.
पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं
निवेदक - तापेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता


सिंघरावाँ पंचायत से मुखिया पद के लिए
युवा, योग्य,कर्मठ , संघर्षशील
एवं शिक्षित मुखिया प्रत्याशी
शहजाद खान
चुनाव चिन्ह
चक्की छाप
क्र. सं. 12
पर मुहर लगाकर
भारी मतों से विजयी बनावें
जनता को है पूरा विश्वास
इस बार होगा क्षेत्र का विकास


कोनरा पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी
सैरा खातून कोनरा पंचायत के विकास के लिए संकल्पित
पंचायत चुनाव
चुनाव चिन्ह
पंचायत चुनाव
चुनाव चिन्ह
सैरा खातून
संकल्प पत्र
1. वायदे ही नही विकास का इरादा भी हैं।
2. रियाडा से विस्थापित कोनरा के रैयतों को वाजिब हक दिलाऊँगी।
3. शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।
4. सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारगी हमारी पहचान रहेगी।
सैरा खातून ने ठाना हैं
कोनरा पंचायत को
आदर्श पंचायत
बनाना हैं।
हम एक हैं
निवेदक
कोनरा पंचायत की जनता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## जीप पश्चिमी प्रत्याशी कुंती देवी ने विभिन्न गांवों में महिलाओं से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना, निदान करने का दिया भरोसा

### क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर विकसित करना पहली प्राथमिकता में है शामिल : कुंती देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड में पंचायत चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी के साथ चुड़ी की खन खन व पायल की रून–झुन आवाज के साथ अब गांवों में राजनीतिक व चुनावी तपीश तेज होती जा रही है। बरही प्रखंड में प्रथम चरण में 14 मई को होने वाले चुनाव का समय ज्यों–ज्यों नजदीक आ रहा है त्यों–त्यों चुनावी व रा. जनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। पंचायत चुनाव में महिलाओं के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित रहने का फायदा उठाकर आधी आबादी भी पुरी दमखम के साथ चुनावी समर में कूद पड़ी है। इसी दौरान बरही पश्चिमी से जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी ने रविवार को बाराटांड गांव में महिलाओं से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और निदान करने का आश्वासन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें बताया कि समाज मे आज भी उनकी भूमिका को पुरुष समाज के लोग समझ नही पा रहे है जबकि समाज को चलाने में महिलाओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी ने ग्रामीण महिलाओं को बताया कि वैलेट पेपर के क्रमांक संख्या दो पर अ०टो रिक्सा छाप पर मतदान कर उनके हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि इस बार मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। पूरे क्षेत्र में उन्ही की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि लोग बरही के विकास के लिए जाति और धर्म की भावना से ऊपर उठकर उनका समर्थन कर रहे हैं।



सामाजिक कार्यकर्ता तापेश्वर प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना और विकास की गति तेज करना उनकी प्राथमिकता है। कहा कि जनता का मूड बदलाव का है। हर ओर लोग उन्हें समर्थन दे रहे हैं। जनता यदि अवसर देती है तो सरकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाने के लिए वे काम करेंगे।

## मजदूरों के विकास के लिए समाज और सरकार दोनो को सोचना होगा : मो क्यूंम

### रानीचुवाँ में मनाई गई मजदूर दिवस, मजदूरों के बीच मिठाई का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पूर्वी के वरिष्ठ समाजसेवी मो कयूम ने ने रानीचुवाँ में मजदूरों के साथ मजदूर दिवस मनाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी मजदूरों के बीच मिठाई वितरित कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा की भारत सहित दुनिया के सभी देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मजदूरों की भलाई के लिए काम करने वा मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। लेकिन अफसोस आज भी मजदूर वर्ग के लोग अपने अधिकारों के लिए जदोजहद करना पड़ रहा है। इनके हक की लड़ाई लड़ने वाले सामने नही आते। कोरोना महामारी की मार सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग पर पड़ी है। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। सरकार मजदूरों के हित के लिए बाते तो बहुत बड़ी बड़ी करती है । मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नही हो पाता है। उन्होंने मजदूरों के विकास के लिए ठोस नीति बनाने पर जोर दिया। मौके पर रानीचुवा मुखिया प्रत्याशी रीता मुर्मू, गाजो टूडो सहित सैकड़ों मजदूर मौजूद थे।




APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मलकोको पंसस प्रत्याशी लक्ष्मी देवी जनसम्पर्क कर मांग रही है समर्थन

### जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता रहेगी : लक्ष्मी देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

मलकोको पंचायत के भाग 21 से पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी लक्ष्मी देवी लगातार जन सम्पर्क कर रही है। उन्होंने चतरो, बुंडू एवं मलकोको में जन सम्पर्क कर पंचायत के विकास के लिए अपनी भावी कार्य योजना की जानकारी दी। लक्ष्मी देवी ने मतदाताओं से कहा कि मलकोको पंचायत के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। आरईओ रोड से चतरो तक आज तक पक्कीकरण सड़क नही बन पाया। इसे पक्कीकरण करने का पूरा प्रयास करूंगी। कहा की उनके पंचायत में कई ऐसे गरीब लोग हैं। जिनका आवास नही बना है। आवास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ ब्ल०क का चक्कर लगाकर परेशान रहे। लेकिन आवास नही मिला। कई ऐसे लोग हैं। जिनका राशन कार्ड नही बना। राशन कार्ड नही बनने से उनका आयुष्मान कार्ड नही बना। जिसके कारण 5 लाख तक मिलने वाली निशुल्क इलाज का लाभ नही मिल पाया। यदि जनता का समर्थन मिला तो निश्चित ही सड़क बनाने एवं जनता की मूलभूत समस्या के समाधान के लिए प्रयास करूंगी। मौके पर जितेंद्र पंडित सहित कई लोग मौजूद रहे।


लक्ष्मी देवी

## बरही बीडीओ ने किया प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आगामी त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद है। अपने स्तर से चुनाव सम्पन्न करवाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए अभी से लगातार सभी बूथों एवं क्लस्टर प्वाइंटो का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बरही बीडीओ ने क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने अपने सहयोगियों के साथ बरही प्रखंड के विभिन्न क्लस्टर प्वाइंट एवं बूथों का निरीक्षण किया। वहीं सभी क्लस्टर एवं बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिए एवं जो भी कमियां है उसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।




## धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह में सोमवार को पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद ने जन सम्पर्क अभियान चलाया। जनसम्पर्क अभियान में ग्रामीणों का अपार जन समर्थन को देखकर वह अभिभूत हो गए। इस दौरान मुखिया प्रत्याशी रा. जेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विगत 20 वर्षो से समाज में रहकर समाज के लिए काम करता आया हूं, मेरे कार्यो का फल आज पंचायत की जनता उन्हें दे रही है।उनका भरपूर समर्थन कर रही है, पंचायत वासियों से बस इतना नि. वेदन है कि यह प्यार एक साथ चुनाव तक बनाये रखे। जनसंपर्क अभियान के दौरान बासुदेव प्रसाद, निरंजन प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, अर्जुन महतो, रंधीर कुमार, हिरामन महतो, रा. जेश प्रसाद, विजय प्रसाद, आशीष कुमार, उदय कुमार, चंदन कुमार, इंद. रदेव कुमार, टेकनी देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, रेखा देवी, सुमित्रा देवी, सोवहा देवी, विमला देवी, पूनम देवी, सोनी देवी, उमिया देवी, द्रौपदी देवी, मंदोदरी देवी, मधु देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जीप प्रत्याशी बिमला देवी के लिए रामचन्द्र यादव ने चालाय जनसम्पर्क, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही मध्य भाग के जीप प्रत्याशी बिमला देवी के पक्ष में समाजसेवी रामचन्द्र यादव ने रविवार और सोमवार को जन सम्पर्क चलाया। जन सम्पर्क के दौरान अपने समर्थकों के साथ पंचमाधव पंचायत के करिमाटी एवं खोड़ाहर पंचायत के कुण्डवा एवं जतरा मेला टांड का दौरा कर वहां की जन समस्या से अवगत हुए और समाधान का भरोसा दिलाया। करिमाटी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जीप प्रत्याशी बिमला देवी के भावी कार्य योजना की जानकारी दी। वही कुण्डवा एवं जतरा मेला टांड में आदिवासी हितों की बात करते हुए समर्थन करने की अपील की। कहा कि एक बार बिमला देवी को अपना आशीर्वाद दें। निश्चित बदलाव दिखेगा। शिक्षा स्वास्थ्य, बिजलीं सड़क का सुधार पर जोर दिया गया। मौके पर वीरेंद्र यादव, महादेव यादव, मनोज कुमार राणा, उमेश यादव, प्रदीप यादव, जगदीश यादव ,किशोर यादव, विजय यादव, सुरेश राणा,नागेश्वर यादव, शिव कुमार यादव,बासुदेव गोप, जुगल यादव ,संजय यादव, जगदीश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।


चुनावी बैठक करते रामचन्द्र यादव

## पंचायत चुनाव में पैसा, जाति धर्म के नाम पर वोट ना मांगे प्रत्याशी : सुनील यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भाजपा युवा नेता सुनील यादव ने हजारीबाग जिला के सभी मतदाताओं से अपील किया की ने कहा है कि पंचायत चुनाव बिल्कुल करीब है। इसीलिए चुनाव में पैसे, या जाति धर्म के नाम पर वोट ना दें और ना ही प्रत्याशी भी पैसे बांटे और धर्म व जाति के नाम पर वोट मांगे इस बार के चुनाव में पैसे और दारू खस्सी, मुर्गे में मतदाता ना बिके। अच्छे प्रत्याशी को चुने आप अपना सहभागिता निभाएं आदर्श आचार संहिता का पालन करें सुयोग्य समझदार और सामाजिक कार्यो में अग्रीन साथियों का चयन करें हम पर्दे में रहने वाले तथा बोरो प्लेयर से सावधान रहना चाहिए, हम सब युवा साथी और सभी माता भाई बहन संकल्प अवश्य ले बिना पैसे और बिना जाति धर्म का वोट देने का वातावरण बनाए हम सुधरेंगे तो हमारा घर सुधरेगा हमारा पंचायत सुधरेगा।


सुनील यादव

## खोड़ाहर मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी ने की प्रचार वाहन को रवाना, जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

खोड़ाहर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी अनीता देवी सोमवार को अनुमति प्राप्त प्रचार वाहन को रवाना किया। प्रचार वाहन के साथ दर्जनों महिलाओं को साथ लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत मुखिया प्रत्याशी अनीता देवी रालो, कुंडवा, दौरवा एवं 4 माइल जाकर वहां की जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की । जन संपर्क करते हुए उन्होंने बताया कि उनके पति मुखिया खोरोधर यादव पिछले 5 वर्षो से जनता की सेवा की है । कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारे हैं।। दर्जनों ऐसे विकास के काम किए गए हैं जो आज भी पंचायत में अपना पहचान बना रहा है। हम शेष बचे विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव मैदान में आए हैं । शेष बचे सभी विकास कार्यो को धरातल पर उतार कर खोड़ाहर पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित करेंगे। जन सम्पर्क के दौरान निर्वतमान मुखिया खिरोधर यादव ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा संकल्पित रहा हैं। यही कारण है कि अनिता देवी के पक्ष में जन समर्थन उमड़ रहा है। एक नम्बर पर सेव छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी ।




APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



















दिनांक: 02-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## श्रीलंका में फंसे झारखण्ड के 19 मजदूर,

### सोशल मीडिया के जरिए वतन वापसी की गुहार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



श्रीलंका में फंसे झारखंड के मजदूर

हजारीबाग, गिरिडीह तथा धनबाद जिला के 19 मजदूर श्रीलंका में फंस गए हैं। सभी ने श्रीलंका से अपने वतन वापसी की गुहार लगाई हैं। फंसे मजदूरों में बगोदर (गिरिडीह) के वकिल महतो (बनपुरा), कारु अंसारी (बनपुरा), अब्दुल अंसारी (बनपुरा), अख्तर अंसारी (बनपुरा), फिरोज आलम (बनपुरा), छत्रधारी महतो (बनपुरा), देवानंद महतो (बनपुरा), सहदेव महतो (बनपुरा), रामचंद्र कुमार (बनपुरा), प्रसादी महतो (ढिबरा), प्रदीप महतो (घाघरा), तुलसी महतो (घाघरा), कोलेश्वर महतो (तारानारी), सरिया(गिरिडीह) के तिलक महतो (चिचाकी), राजेश महतो (चिचाकी), डुमरी (गिरिडीह) के महेश महतो (टिंगरा), तोपचांची(धनबाद) के मनोज कुमार (गोमो), बिष्णुगढ (हजारीबाग) के नागेश्वर महतो (भलुवा) तथा देवेन्द्र महतो (भलुवा) शामिल हैं। सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी मजदूरों ने भारत सरकार व झारखंड सरकार के नाम त्राहिमाम संदेश भेजा है।कल्पतरू ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से पिछले तीन महीने का वेतन नहीं मिलने से दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। सभी मजदूरो का पा. सपोर्ट जब्त कर लिया गया है। बता दें कि यह कोई पहला मौका नही है जब दलालों के चक्कर में पड़कर गरीब तबक़े के लोग विदेशों में फसे जाते हैं। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। पिछले गुरूवार को मलेशिया में फंसे झारखंड के 30 मजदूरों में से 10 मजदूरो की वापसी हुई है जबकि 20 मजदूर अभी भी मलेशिया में ही हैं। इस मामले में भी ब्रोकर इन मजदूरों को ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर कल्पतरू ट्रांसमिशन कंपनी के द्वारा श्रीलंका पहुँचा दिया। लेकिन जब वहाँ काफी कम मेहनताने पर काम कराया जाने लगा तो मजदूर ठगे से महसूस कर रहे हैं और वापसी की गुहार लगा रहें हैं। वहीं प्रवासी मजदूरों के हित में काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने बताया कि यह इलाके की कोई पहली घटना नहीं है जिसमें काम की तलाश में मजदूर विदेश जाते हैं, लेकिन उन्हें कई यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। इसके बाद वे काफी मशक्कत के बाद अपने वतन लौट पाते हैं।इन सबके बीच आज भी पलायन का दर्द और रोजी-रोटी की चिंता देखने को मिलती है। झारखंड में रोजगार की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक मजदूरों का पलायन देश-विदेश में होता रहेगा।

## राकेश रंजन का जनसम्पर्क अभियान हुवा तेज, घर गाँव पहुँच मांग रहे जनसमर्थन

### चुनाव हारने के बाद भी जनता से जुड़ा रहा, सभी वर्गों का है साथ :राकेश रंजन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग एक से जिला परिषद उम्मीदवार राकेश रंजन ने अपने चुनावी अभियान को गति देते हुए चलाया जनसम्पर्क अभियान। घर गांव पहुंच लोगों से मांग रहे जनसम. र्थन। इस दौरान राकेश रंजन ने दैहर, झापा पंचायत के कई गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में माँगा जनसमर्थन। राकेश रंजन ने कहा कि पिछले दो चुनावो से हमलोगों चुनाव लड़ रहे है। चुनाव हारने के बाद भी हम जनता के बीच रहकर जनता के समस्याओं का समाधान कर रहा हूँ। कहा जनता पर विश्वाश है इस पर जिला परिषद के रूप में हमे आपार जनसमर्थन मिल रहा है। राकेश रंजन ने कहा जनता हमे अगर मौका देती है तो हम प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करूँगा। अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाला पंचायतो को आदर्श पंचायत बनाकर विकास की नई लकीर खींचूंगा। मालूम हो कि भाग एक चौथी, चोरदाहा, दादपुर, यवनपुर, चौय, दैहर व बेला पंचायत शामिल है।

## जीप उम्मीदवार राजदेव यादव ने बहेरा पंचायत में चलाया जनसम्पर्क अभियान

### जनता का मिला रहा आपार जनसमर्थन, कैमरा पर है सबको विश्वास : राजदेव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो उम्मीदवार राजदेव यादव ने बहेरा पंचायत में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में माँगा वोट। इस दौरान बहेरा, तिलैया, जोकट, महूदी आदि गांवों में पहुँच कर कैमरा छाप पर वोट देकर विजय बनाने का आग्रह किया। रा. जदेव यादव ने कहा कि लगातार मैं जनता के बीच अपने उद्देश्यों को लेकर जा रहा हूँ । मतदाताओं का आपार जनसमर्थन मिल रहा है और जनता कैमरा पर विश्वास जता रहे है। श्री यादव ने कहा कि जनता वंशवाद से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करेगी। हमने मुखिया रहते करमा पंचायत में विकास की लंबी लकीर खींच है। कहा जब मैं जिला परिषद क्षेत्र के भिन्न भिन्न गांव पंचायतो में घूम रहा हूँ, बहुत समस्याएं है। एक उम्मीदवार ऐसे है जिनको क्षेत्र में कुछ समस्या ही नजर नही आता है मैं पूछना चाहता हूं अगर समस्याएं है ही नही तो चुनाव क्यों लड़ रहो जाकर अपना अवैध कारोबार को बढ़ाओ। राजदेव यादव ने जनता से अपील किया कि आप सोच समझ कर अपने मत का प्रयोग करें और जनता के समस्याओं को समाधान करने वाले उम्मीदवार का चयन करें।

## मतदान की तैयारी, बीडीओ व थाना प्रभारी ने कलस्टर का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



है। उम्मीदवार अपने चुनावी अभियान में तेजी में लाना शुरू कर दिए है। इधर पुलिस प्रशासन भी पंचायत चुनाव को निष्पक्ष व शान्तीपुर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए कमर कश लिया है। इसी कड़ी में बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा व थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया को पंचायतवार बनाये गए क्लस्टर का निरीक्षण कर विधि व्यावस्था का जायजा लिया। बीडीओ ने कहा कि सभी क्लस्टरों में बिजली, पानी व रहने के लिए उचित व्यावस्था का जायजा लिया और कमियों को अविलंब दूर करने का प्रयाश किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा व्यावस्था का पुख्ता इंतेजाम रहेगा।

## सघन दौरा कर मतदाताओं से आरती कौशल ने माँगा जनसमर्थन

### 15 वर्षो से जनता के बीच हूँ, बनी रही सुखदुख की साथी : आरती कौशल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग तीन से आरती कौशल लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतर कर जनता से जनसमर्थन माँग रही है। लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट की अपील कर रही है। इस दौरान आरती कौशल ने बसरिया, सिंघरावां, ब्रहमोरिया आदि पंचायत का दौरान कर वैलेट पेपर के क्रम संख्या एक पर बटन दबाकर जीत दिलाने का आग्रह किया। आरती कौशल ने कहा कि मैं पिछले 15 वर्षो से जनता के बीच रहकर जनता का सेवा कर रही हूँ। कहा ये मेरा तीसरा चुनाव है दो चुनावो में मिली हार को भुलाकर नई ऊर्जा व नये उमंग के साथ जनता के बीच जा रहा है। कहा इस बार जनता ने मन बना लिया और मेरे पक्ष में जमकर जनसमर्थन मिल रहा है। कहा पिछले जनप्रतिनिधि भी इस बार चुनावी मैदान में है मैं उनसे पूछना चाहूंगी कि जितने के बाद आप पांच वर्षो तक कहाँ थी। कहा जनता अगर हमें मौका देती है तो मैं सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूँगी।

## भाकपा माले प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत कार्यपालक अभियंता के नाम सौंपा आवेदन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



15 दिन के बाद बिजली सुधार नहीं हुआ तो घेराव होगा डांडेडीह बिजली अ०फिस आम जनता सड़को पर उतरें-राजेश सिन्हा आज गिरिडीह भाकपा माले नेत्री सह निवर्तमान मुखिया फूल देवी,माले नेता उज्ज्वल साव की अगुवाई में बिजली सुधार को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन बिजली विभाग में किया,पूर्व में गिरिडीह उपायुक्त को दिया गया था। विद्युत विभाग गिरिडीह को आवेदन सौंपने की तिथि पूर्व निर्धारित थी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से निशान्त भाष्कर, प्रीति भाष्कर, चंदन सिन्हा, बब्बन खान,सनातन साव आदि ने बिजली ऑफिस के खिलाफ नारे बाजी की,राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गिरिडीह जिले में बिजली की हालत गंभीर है,बच्चे पढ़ नहीं पा रहे है,छोटे उद्योग धंधे वाले कार्य नहीं कर पा रहे हैं,आम जनता बिजली के बिना वह त्राहिमाम मचा रहे है,रात- रात भर बिजली काट ली जाती है,बिना सूचना दिए बिजली को काट दिया जाता है, बिजली नहीं रहने के कारण लोग पानी नहीं भर पाते है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार का बिजली के प्रति कोई ठोस सुधार नहीं हो रहा है, बिजली विभाग को सूचित किया गया है की यदि 15 दिन के अंदर गिरिडीह के मुफस्सिल,पीरटांड़ और शहरी क्षेत्र में बिजली सुधार नहीं हुआ तो बिजली विभाग में जोरदार प्रदर्शन होगा तालाबंदी होगी,शहरी क्षेत्र में डांडेडीह में 6 फिट में बिजली तार लटका हुआ है,ऐसे पूरे जिले में जल्द सुधार की अपील की गई।

भाकपा माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा व जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर ने कहा कि पहले भाजपा सरकार में भी जनता को लगातार बिजली के लिए तरसना पड़ता था। अब राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है,सरकार जनता को भारतीय जनता पार्टी की व्यवस्था से भी बदतर बिजली दे रही है,जनता को लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर आना पड़ेगा, यदि जनता सड़क पर नहीं आती है और सिर्फ वोट देने का काम करती है,तो जो जनप्रति. निधि हैं उनका मनोबल बढ़ जाता है, अपने हक और अधिकार के लिए माले का बैनर तले सड़कों पर उतरे और बिजली के लचर व्यवस्था को सुधार करने के लिए साथ दें। प्रति. निधी मंडल में एकलब्य,नसीम,शेख,रोहित, सोमरी,रवीना,मोहम्मद,शकील एजाज खान,मोहम्मद सिकंदर,राजा खान,एहसान, छोटू अंसारी शामिल थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गरिडीह भाकपा माले ने आज बेंगाबाद प्रखंड के कोल्हरिया (सिजुआ) में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाते हुए स्थानीय मजदूरों को गोलबंद किया तथा शिकागो के शहीद मजदूरों को याद करने के साथ-साथ मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर जमकर हमला बोलते हुए उसके खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

स्थानीय जिला परिषद क्षेत्र के नेता अशोक कुमार तुरी तथा लखन कोल ने कहा कि, मोदी शासन में देश के गरीब मजदूरों का बुरा हाल हो गया है। हर दिन महंगाई बढ़ रही है, लेकिन मजदूरी नहीं बढ़ती। इसके खिलाफ हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। समारोह के मुख्य अतिथि माले नेता कoमरेड राजेश यादव ने कहा कि, आज का दिन शिकागो के उन शहीद मजदूरों को याद करने का दिन है जिनकी बदौलत ही पूरी दुनिया में मजदूरों को अधिकार मिला तथा उनके काम के घंटे निर्धारित कर वाजिब मज. दूरी मिलने का अधिकार प्राप्त हो सका। लेकिन मजदूरों की उस ऐतिहासिक जीत की बदौलत मिले अधिकारों को फिर से छीन लेने की कोशिश मौजूदा समय में हो रही है। उन्होने यह भी कहा कि, बड़ी-बड़ी कारपोरेट कंपनियों की हितैषी मोदी सरकार मजदूरों को अधिकार विहीन करने में लगी है। लेकिन यह साजिश नहीं चलेगी। ऐतिहासिक किसान आंदोलन की बदौलत जिस तरह मोदी सरकार को काले कृषि कानून वापस लेने पड़े, वैसा ही मजदूरों के खिलाफ लाए गए लेबर कोड का भी होगा। उन्होंने लोगों से मई दिवस के अवसर पर मजदूर-किसान विरोधी केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने के संकल्प का भी आह्वान किया। आज के कार्यक्रम में अखिलेश राज, कमलेश वर्मा, ठकुरी कोल, योगेंद्र राणा, धनेश्वर कोल, विजय कोल, सोमर कोल, राजू कोल, बिस्पत कोल, सुंदर कोल आदि मौजूद थे।

## श्री श्री 108श्री रुद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुभारंभ हेतु भव्य कलश यात्रा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित परसाटांड़ गांव में श्री श्री 108श्री रुद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निहित आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे 751 छोटी छोटी बच्चियों सहित कन्याओं, माताओं बहनों ने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल देवनगरी परसाटांड़ से निकली और उत्तर वाहिनी उसरी नदी में जाकर वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञाचार्य नरोतम दास जी महाराज ने कलश संकल्प कर जल भरवाया। तैंतीस करोड़ देवी देवताओं का पुजन अर्चन कर कलश यात्रा की शुरुआत की गई जो पूरे नगर भ्रमण के पश्चात यज्ञ स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। ढोल बाजे के साथ जय श्री राम के नारों से पुरा क्षेत्र गूंज उठा। जहां तक नजरे जाती थी भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र धारण किए धर्म प्रेमी ही नज़र आते थे। समाजसेवी सह परसाटांड़ पंचायत के निवर्तमान मुखिया निर्मल वर्मा ने यज्ञ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज 751कन्याओं माताओं और बहनों ने कलश यात्रा में भाग लिया साथ ही आस पास के धर्मप्रेमियों और श्रृद्धालुओं की अपार जन समूह ने कलश यात्रा को और भव्य बना दिया। आज सोमवार दो मई से यज्ञ प्रारंभ हो कर आठ मई रविवार को भव्य भंडारे के साथ समापन होगी। यज्ञ को विधिवत् रूप से पूर्ण करने हेतु यज्ञाचार्य श्री नरा. ेतम दास जी महाराज अयोध्या से पधारे हैं और कथावाचक केरूप में श्री पारसमणी जी महाराज अयोध्या से, कथावाचिका के रुप में साध्वी विज्यालक्ष्मी जी जनकपुर (नेपाल) से पधारी है। प्रति दिन शाम सात बजे से संगीतमय श्री राम कथा प्रवचन होगी साथ ही महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। यज्ञ स्थल पर दही का शरबत और प्रशाद वितरण किया गया। आज के इस भव्य कलश यात्रा में कई नामी गिरामी समाजसेवियों ने भाग लिया जिनमे मुख्य रूप से निर्मल वर्मा, राजेश वर्मा, मनोहर वर्मा, दीपक साह, सहदेव राणा, पुरषोत्तम राणा, रामदेव प्रसाद वर्मा, महेंद्र कुमार वर्मा, दीपा कुमारी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जगदीश महतो, प्रसादी वर्मा, रवि कुमार वर्मा, सचिन कुमार वर्मा बासुदेव वर्मा, अनवर अंसारी, अख्तर इमाम शामिल थे।

## मुखिया के 29 व वार्ड के 12 प्रत्याशियों ने किया नाम वापसी

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



सोमवार को गांवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 29 मुखिया उम्मीदवारो ने अपना नामांकन वापसी कर लिया वहीं वार्ड पार्षद के 12 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया है। मुखिया पद से नमांकन वापसी में गांवा से चार, आमतोरों से तीन, सेरुआ से एक , पसनौर से एक, मंझने से एक, बिरने से तीन,बादीडीह से एक, नगवा से तीन , माल्डा से एक , गद्दर से चार, खरसान से एक, पीहरा पश्चिमी से तीन निमाडीह से दो जामडार से एक प्रत्याशियो ने नाम वापसी ले लिया जो इस प्रकार है पसनौर से प्रेमलता देवी, मंझने से डोली देवी, बिरने से किरण देवी, बबिता कुमारी, सोहवा देवी आ. मतोरो से बेबी देवी, बेबी देवी(हरला), ललिता कुमारी, गांवा मंजू देवी,रंजित कुमार सिंह, कविता देवी, गजाधर चौधरी, सेरुआ से ललिता देवी बादीडीह से ललिता कुमारी, नगवा से मो अकील हैदर , रामेश्वर प्रसाद यादव सोनी देवी , माल्डा से रिंकी सिन्हा, गद्दर से सीमा देवी ,सविता देवी, प्रीती देवी,सविता कुमारी ,खरसान से मनिता देवी, पिहरा पश्चिमी से आशीष कुमार,प्रियंका गुप्ता, सुरेंद्र यादव, निमाडीहह से दिनेश प्रसाद यादव,सुनीता देवी, जामदार गुलाबी देवी ने नमांकन वापस लेते हुए कहे कि हम लोग अपने ही करीबी प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। हम लोगों को बस पंचायत के विकास से मतलब है। हम लोग बस पंचायत का विकास देखना चाहते हैं। हमलोग को जिन उम्मीदवारों पर विश्वास लग रहा है आगे उनके समर्थन में प्रचार प्रसार करेंगे।

## भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर झारखंड सरकार को चेताया

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



आज झारखंड भाजपा प्रदेश कमिटी सदस्य चुनूकांत के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह निवर्तमान विधायक निर्भय शाहबादी, जिला महामंत्री सुभाष सिन्हा एवं संदीप डंगैच, जिला मंत्री नवीन कुमार सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी मोतीलाल उपाध्याय नगर मंडल अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा उपस्थित थे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए निर्भय शाहबादी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कड़े शब. दों में उसके द्वारा कृषि बाजार समिति पर लगने वाले शुल्क को एक प्रतिशत से बढ़ाकर दो प्रतिशत कर दिया जिसके कारण राज्य के किसान काफी प्राभावित होंगे। उन्होने कहा कि रघुवर सरकार ने इस शुल्क को वापस लेकर किसानों को राहत देने का काम किया था लेकिन मौजूदा हेमन्त सरकार ने किसानों के हित को दरकिनार करते हुए फिर से इसे लागू करने का प्रयास कर रही है जिसका विरोध भारतीय जनता पार्टी करती है और जरूरत पड़ने पर आन्दोलन भी करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित भाजपा के वरीय पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड सरकार के नादिर शाही फरमान के विरुद्ध व्यापारियों और किसानों में भारी रोष है झारखंड की वर्तमान सरकार पिछले सत्र में एक विधेयक लाकर जिस कानून और व्यवस्था को 2015में भाजपा की रघुवर दास सरकार ने समाप्त कर दिया था उस कानून को फिर से इस सरकार ने लागू किया है जिसमे कृषि बाजार समिति पर लगने वाले शुल्क को एक प्रतिशत से बढ़ाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि रघुवर सरकार ने इस पूरे मामले में मंथन करने के बाद यह फैसला लिया था क्योंकि यह व्यवस्था किसान और व्यापारियों के विरुद्ध था। बाजार समिति में जो चीजे आती है वह कृषि उत्पाद से कम आयात होता है। विशेषकर खाद्य पदार्थो, तेल इत्यादि चीजें 65ःके आस पास विदेशों से आयात होता है इसी तरह से अन्य चीजें भी दूसरे राज्यों से यहां आता है। ऐसे में उस पर किसी तरह का शुल्क लगाना बेमानी है। इतना ही नहीं कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में किसानों के लिए जो सु. विधाऐं होनी चाहिए वह सु. विधा नही है। इसके बाद भी सरकार शुल्क वसूल रही है जो कि बिलकुल गलत है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि वर्तमान में कांग्रेस के ही कृषि मंत्री है। तत्कालीन वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह और प्रणव मुखर्जी ने इस विषय पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया था कि कृषि उत्पादन बाजार समिति में शुल्क वसूलने की व्यवस्था को समाप्त किया जाए। उसी कांग्रेस के कृषि मंत्री ने फिर से ऐसा फैसला लिया है जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा साथ ही साथ इसे लगने से ग्राहकों और उपभोक्ताओं पर भी कीमत का बोझ बढ़ेगा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है और हम हेमंत सरकार से मांग करते हैं कि इस काला कानून को सरकार वापस ले और किसान और व्यापारियों को राहत दे अन्यथा भारतीय जनता पार्टी इस काले कानून के विरोध में धारदार तरीके से आंदोलन करेगी। प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व विधायक गिरिडीह के निर्भय कुमार शाहबादी, झारखंड प्रदेश कमिटी सदस्य चुनूकांत, जिला महामंत्री संदीप डंगैच एवं सुभाष सिन्हा, जिला मंत्री नवीन कुमार सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी मा. ेतीलाल उपाध्याय, नगर मंडल उपाध्यक्ष हरमिन्दर सिंह बग्गा, गौतम तिवारी, सौरभ कुमार एवं राहुल कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## चूहों ने कुतरा नवजात शिशु का पैर, स्थिति नाजुक

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह के सदर अस्पताल में एक नवजात शिशु का पैर चूहों द्वारा कुतरे जाने का गम्भीर मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवर 02/05/2022की हैं। मामले को लेकर भाकपा माले नेता कoमरेड राजेश सिन्हा ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से चेतावनी जारी करते हुए मांग किया है कि सदर अस्पताल के इंचार्ज पर ला. परवाही का मुकदमा दर्ज करे। अविलंब विभाग लाप. रवाही का मुकदमा दर्ज नही करती है तो भाकपा माले इस मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से आंदोलन करेगी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गिरिडीह के चौताडीह स्थित मातृत्व शिशु इकाई (सदर अस्पताल गिरिडीह का अंग) में चिकित्स्क और स्वास्थ्य कर्मी की लाप. रवाही से एक नवजात शिशु का पैर चूहों ने कुतर डाला। जिसे आनन फानन में जख्मी शिशु के परिजनो को सुचना दिए गंभीर अवस्था में शिशु को धनबाद रेफर कर दिया। देखते ही देखते नवजात शिशु का पैर चूहों द्वारा कुतरे जाने का मामला ने तुल पकड़ लिया। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने सिविल सर्जन को आड़े हा. थों लेते हुए कड़ी फटकार लगाई। भाकपा माले ने भी इस मामले को गंभीरता पूर्वक लिया। भाकपा माले नेता कॉमरेड राजेश सिन्हा ने कहा कि सदर अस्पताल गिरिडीह में भर्ती मरीजों के साथ लापारवाही मानो आम बात हो गई है। कोई भी ऐसा दिन नहीं होता जिस दिन अखबारों की सुर्खियों मे सदर अस्पताल गिरिडीह का कोई मामला ना छपा हो।

## ईद को लेकर भरकट्टा बाजार में दिखा भीड़ जमकर कर रहे खरीदारी

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत भरकट्टा बाजार में ईद को लेकर काफी भीड़ देखने को मिला। बता दें कि रमजान का आज आखिरी दिन है और इससे को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ज्यादातर लोग कपड़ा दुकान जूता चप्पल लच्छा आदि सामग्री खरीदने के लिए जुड़ गए हैं। वही कपड़ा दुकान में काफी भीड़ देखने को मिला।आने जाने वाले को भीड़ का सामना करना पड़ा खरीदारों ने बताया कि ईद को लेकर खरीदारी किया जा रहा है। इस बार दो साल के बाद इस बार खरीदारी जमकर कर रहे हैं।क्योंकि कोरोना काल मे बहुत ही डर सताया था।ईद को लेकर लोगो की काफी खुश हैं।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में आंकाक्षी जिला के मानकों से सम्बन्धित समीक्षा बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह 02 मई 2022:- संयुक्त सचिव-सह-केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम गृह विभाग, भारत सरकार, श्री सुनील कुमार वर्णवाल आकांक्षी की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल गिरिडीह जिला के विक. ासशील कार्यों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रही योजनाओं से संबंधित पीपीटी प्रस्तुत की। उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने विभागवार योजनाओं के बारे में जानकारी दी। श्री वर्णवाल ने विकास कार्यों के विभिन्न मानव को जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास आधारभूत संरचनाओं का विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति, हर घर में शौचालय, सभी विद्यालयों में शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, हर घर नल से जल की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न मानकों के सं. बंध में जानकारी ली। आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत रूप से चर्चा की गई। श्री वर्णवाल द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि आकांक्षी जिला के मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विक. ासशील कार्य किये जाय। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा श्री वर्णवाल द्वारा जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी संबंधित अधिक. ारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। तथा गांवा एवं तिसरी प्रखंड पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। ताकि आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार किया जा सकें। हैल्थ एंड न्यूट्रीशन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों से संबंधित सभी अधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित इनोवेटिव कार्य कर विकासशील योजनाओं में प्रगति सु. निश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत संचा. लित सभी शौचालयों की वे. रिफिकेशन कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बाल विवाह को जड़ से खत्म करने को लेकर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में श्री वर्णवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में संस्थागत प्रसव में निर्धारित लक्ष्य के आधार पर प्रगति प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठाए जा रहे कदम की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने चाइल्ड वार्ड समेत अन्य बिंदुओं की विस्तृत जानकारी लिए। इसके अलावा जिले में अवस्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले में संचालित सभी हेल्थ एंड सब सेंटर में एएनएम की प्रतिनियुक्ति करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही उसकी नियमित म०निटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक में श्री वर्णवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति को गंभीरता से लेते हुए स्थिति में सुधार करने व आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। वहीं जिले में अवस्थित सभी सरकारी विद्यालयों में छात्र छात्राओं के शौचालयों को क्रियाशील बनाने, पेयजल की सुविधा तथा विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था बहाल करने की समीक्षा की गई। विद्यालयों में शौचालयों व आधारभूत संरचनाओं को यथाशीघ्र क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना सभी की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में सभी शिक्षकों की अटेंडेंस की नियमित म०निटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को स्कूल से जोड़ें एवं बेहतर शिक्षा उपल. ब्ध कराएं। हमारी प्राथमि. कता है कि बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक के दौरान श्री वर्णवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी ली एवं कार्यों के क्रियान्वयन से भी अवगत हुए। कुपोषण उपचार केन्द्र एवं ब्रेस्ट फीडिंग, एएनसी, आंगनवाड़ी केंद्रों की वर्तमान स्थिति को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्ब. न्धित पदाधिकारी को निर्दे. शित किया कि एम.टी.सी सेंटर में पूर्ण क्षमता में कुपोषित बच्चों का उपचार किया जाय। सभी एम.टी.सी सेंटरों में कुपोषित बच्चों का उचित उपचार व देखभाल सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा एवं कृ षि संकेतकों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकें। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के कार्य किये जाय।

बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदा. धिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम, एडीपीओ, जिला कौशल पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, पिरा. मिल फाउंडेशन के आकांक्षी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिक. ारी, डुमरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ/सीओ, डुमरी/पीरटांड़, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निदेशक, आत्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ईद का चाँद आया नज़र कल अदा की जाएगी ईद की नमाज़

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



ईद की चाँद सोमवार शाम को नज़र आ गया है। चाँद नज़र आने के बाद रोजेदारों की ख़ुशी बढ़ गई है। बता दे कि रमजान महीना शुरू होते ही रोजे रखने का शुरुआत हो जाता है। जिसमें रोजेदारों ने रमजान के पूरे 30 दिनों तक रोजा रखते हैं र तरावीह,फितरा जयक्त मुस्लिम समुदाय लोग निकलकर कर ईद की नमाज़ अदा करते हैं।जैसे ही सोमवार शाम को ईद की चाँद नज़र आया सभी मुहल्ले में एलान कर दिया गया है। जिसमें मंगलवार को सुबह ईदगाह में ईद की नमाज़ अदा किया जयेगा।जानकारी के मुताबिक बता दे कि चिरुडीह अंजुमन के सदर कमरुद्दीन अन्सारी ने बताया कि ईद की नमाज़ मंगलवार सुबह सात बजे अदा कर दिया जाएगा।

## बाल विकास विद्यालय का 36 वां स्थापना दिवस मना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ स्थित बाल विकास विद्यालय का 36 वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्राचार्य नवल किशोर वर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। कहा कि इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्र-छात्राएं देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी कई उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इससे विद्यालय को गर्व की अनुभूति होती है। कहा कि विद्यालय मेंआज भी गुणवत्त शिक्षा दी जाती है। विद्यालय के कई ऐतिहा. सिक पहलुओं की जानक. ारी दी गई। कई पूर्व विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में बिताए पलों को साझा किया। सभी ने कार्यक्रम की काफी सराहना की। मौके पर शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, छोटी नाथ गोस्वामी, राणा रंजीत चंदेल, मनोज कुमार पाठक, विजेंद्र प्रसाद, मृत्युंजय कुमार, उषा देवी अलका कुमारी, ज्योति बनवाल रंजना मिश्रा आदि मौजूद थे।

## एस एस बी जवान की पत्नी ने अपने हीं पति के शरीर पर ख़ौलता हुआ गर्म पानी डाल कर किया घायल, इलाज के दौरान मौत , पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मृतक का फाइल फोटो



बड़कागांव : एस एस बी जवान की पत्नी ने अपने हीं पति तिलेश्वर कुमार के शरीर पर ख़ौलता हुआ गर्म पानी डाल दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल ही गए। मौजूद लोगों के सहयोग के बाद घायल तिलेश्वर कुमार को बोकारो स्थित मदर टेरेसा मेमोरियल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां इलाज के बाद उन्हें उचित इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। जहाँ घायल अवस्था में मृतक तिलेश्वर कुमार उम्र 35 वर्ष( पिता स्वर्गीय सुकर साव) ने खुद 23 अप्रैल को बोक. ारो मदर टेरेसा मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान चास थाना के पुलिस पदाधिकारी के समक्ष अपना बयान दर्ज करा कर पत्नी बिना कुमारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद रांची देवकमल ह०स्पिटल में इलाज के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उक्त घटना के बाद नापो पंचायत सहित बड़कागांव प्रखंड भर में मातम का मौहोल छा गया। उक्त घटना के बाद पत्नी बिना कुमारी फरार हो गई । आवेदन में मृतक के माता दसणी देवी, भांजा धर्मेंद्र कुमार ,जीजा विनोद एवं बहन लीलावती कुमारी का गवाह के रूप में हस्ताक्षर है।

### कौन थे मृतक

उक्त मृतक तिलेश्वर कुमार छत्तीसगढ़ अंतागढ़ 28 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में हवलदार पद पर तैनात थे । वह अपने बेटे की सीबीएससी मैट्रिक परीक्षा दिलाने के लिए घर आए थे। तिलेश्वर पांच बहनों में इकलौता भाई था मां दशनी बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है। तिलेश्वर 2 साल बाद रिटायर होने वाले थे । 10 साल पूर्व पहली पत्नी की मौत के बाद तिलेश्वर ने अपनी ही साली बिना कुमारी से सामाजिक रीति रिवाज का पालन कर शादी की थी। पहली पत्नी से 1 पुत्र एवं एक पुत्री तथा दूसरी पत्नी से 1 पुत्र है। तलेश्वर की मौत से प्रखंड में मातम का माहौल पसर गयातिलेश्वर शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका समाज में विशेष रुप से जान पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त थी। मौत से पूरा प्रखंड मर्ममाहत है लोगों ने गहरा दुख व शोक व्यक्त किया है। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए व नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## बिरनी में 238 मुखिया प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

### प्रखण्ड भर में सबसे अधिक पडरमनियां से 16 मुखिया प्रतियासियों ने नामांकन प्रपत्र भरा

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 के कि तीसरे चरण में होनेवाले निर्वाचन के लिए आखिरी दिन नामांकन पत्र क्रय व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया अपनाई गई। जैसे -जैसे चुनावी तारीख नजदीक आता जा रहा है वैसे -वैसे चुनावी बाजार गर्म होता जा रहा है। प्रखण्ड मुख्यालय में भीड़ इस तरह देखा जा सकता है जैसे मानो मेला चल रहा है । प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से मुखिया प्रतियासियों एवं वार्ड सदस्य के प्रतियासियों ने नामंकन किया। सोमवार को आखिरी दिन तक 238 मुखिया प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। सिर्फ सोमवार को 48 मुखिया प्रत्यशियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं 221 वार्ड सदस्य प्रतियासियों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा के समक्ष नामांकन प्रपत्र भरा। बांगराकला देवनाथ राणा ,मनकडीहा अभिमन्यु सिंह ,अरारी क्षमावती देवी , बिरनी किशुन राम, कुसमई शकीना खातून, कैशोडीह राम प्रसाद वर्मा ,खरीडीह उदय शंकर राय, केंदुआ चमेली देवी, जरिडीह भूपेंद्र कुमार, पेशम सुनीता देवी, केंदुआ सहदेव यादव, मंझलाडीह पप्पू सिंह , बरडीहा अस्मिता देवी, बरामसिया अनीता देवी ,खैरीडीह लालन सिंह, बा. ंगराकला मिना देवी, पडरमणीयां आशा देवी, पडरमणीयां सुनीता देवी, केंदुआ इम्तियाज, शाखाबारा बेगम खातून , शाखाबरा अफसारी खातून, केंदुआ ब्रह्मदेव ठाकुर, केंदुआ ईयाज अंसारी, चोंगाखर शकुंतला देवी, शाखाबारा आशा देवी , गादी भगिया देवी, गादी सविता कुमारी, चोंगाखार मधु देवी ने मुखिया पद के लिए नामांकन प्रपत्र भरा। अंचल अधिकारी अशोक राम ने बताया कपिलो से 8, पड़रिया से 06 मखमरगो से 04, बंगराकला 05,बिरनी से10, सिमराढाब से 06,बराहमसिया से 06 केंदुआ से 08, खरीखरी से 09, शाखाबारा से 09, तेतरिया सैलैडीह से 12, खैरीडीह से 05, मंझलाडीह से 14, पेशम से 09, तुलसीटांड से 05, गादी से 18,कुशमई से 10,चोंगाखार से 08,बलिया से 06,बलगो से 04,केशोडीह से 08, पड. रमनियां से 16, खेदवारा से 09, मनकडीहा से 14, बराडीह से 07 प्रतियासियों ने मुखिया पद के लिए नामंकन किया।

THE MECHANICS
विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० - विकम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851